संक्षिप्त

नरेश गुप्ता बने निर्विरोध अध्यक्ष

जयपुर, (कासं)। महावर वैश्य सेवा संस्था (रजि.), जयपुर के त्रिवार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए, जिसमें नरेश कुमार गुप्ता को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर महावर वैश्य समाज, जयपुर के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिनमें श्री महावर वैश्य धर्मार्थ ट्रस्ट (रजि.), जयपुर के अध्यक्ष श्रीनिवास गुप्ता, सचिव बाबूलाल गुप्ता, उपाध्यक्ष केदार गुप्ता, महावर वैश्य सेवा संस्था (रजि.), जयपुर के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता, निवर्तमान महामंत्री विनोद गुप्ता, निवर्तमान कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, निवर्तमान युवा अध्यक्ष मुदित गुप्ता, महेश गुप्ता दयाकिशन डाटा, आर डी गुप्ता, गिर्राज गुप्ता, चेतन गुप्ता एवं महावर वैश्य समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम की स्थापना

जयपुर। पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा का सत्र 23 जनवरी, 2023 से प्रारम्भ होने जा रहा है। सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित सहित अन्य प्रस्तावों के जवाब सही समय पर भिजवाने के लिए कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि कंट्रोल रूम कार्यदिवस के अतिरिक्त गणतंत्र दिवस एवं राजकीय अवकाश के दिनों में भी सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक दो पारियों में संचालित किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) अमृता चौधरी नियंत्रण कक्ष की प्रभारी अधिकारी होंगी। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए 15 अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष को प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्न अथवा ध्यानाकर्षण, विशेष उल्लेख प्रस्ताव रजिस्टर में दर्ज कर तत्काल संबंधित शाखा में प्रेषित किया जाएगा। संबंधित शाखा प्रभारी द्वारा तत्काल जवाब प्रेषित कर नियंत्रण कक्ष प्रभारी को अवगत कराया जाएगा।

स्वस्थ जीवन शैली पर कार्यशाला

जयपुर। रिजर्व पुलिस लाइन में बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवन शैली पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अरशद अली ने बताया कि सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सकों के सहयोग से पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थय बनाए रखने के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवन शैली पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। पुलिस उपायुक्त अरशद अली ने कार्यशाली में पुलिसकर्मियों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम, तनाव मैनेजमेंट एवं पौष्टिक आहार को अपनी जीवनशैली में शामिल करने के लिए कहा। नशे से दूर रहने के संबंध में विशेष ध्यान रखने के लिए समझाइश की गई। उन्होंने कहा कि अच्छी जीवन शैली से बीमारियों से बचाव होगा। कार्यशाला में अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक बलराम शर्मा, दिनेश कुमार गौतम, मुकेश जैन, महेश कुमार एवं मनोचिकित्सक गजानंद वर्मा ने पुलिसकर्मियों को विभिन्न रोगों के लक्षण-बचाव की जानकारी दी।

सूचना आयुक्त की शपथ ली लाठर ने

जयपुर। प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त डी बी गुप्ता ने सोमवार को जयपुर स्थित राज्य सूचना आयोग में सेवानिवृत्ति डीजीपी एम एल लाठर को सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि लाठर की नियुक्ति के बाद अब आयोग में सूचना आयुक्त के स्वीकृत सभी पद भर गए। इस मौके लाठर ने कहा कि वर्तमान युग पारदर्शिता का युग है और वह इस नवीन पद पर में पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का निर्वह्न करेंगे। कार्यक्रम में सूचना आयुक्त राजेन्द्र बरबड़, लक्ष्मण सिंह राठौड़, शीतल धनकड़, सूचना आयोग, सचिव प्रियंका गोस्वामी, उप सचिव सुमन मीणा सहित विभिन्न आयोग के अधिकारियों ने लाठर को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

501 कम्बलों का वितरण किया

जयपुर। मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर आगरा रोड स्थित नवजीवन कुष्ठ आश्रम में सोमवार को विश्वास परिषद् फॉउण्डेशन द्वारा निर्धन, असहाय एवं रोग से पीड़ित लोगों को कम्बल वितरण करते हुए जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (जयपुर डेयरी) के प्रबन्ध निदेशक डॉ. कुलराज मीणा ने कहा कि समाज के गरीब और वंचित तबके की सेवा करना जैसे साक्षात भगवान की सेवा करने जैसा है।

नकल, ड्रग और भू-माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा : डीजीपी

राज्य सरकार से भी कानून सख्त बनाने का आग्रह करेंगे : उमेश मिश्रा

जयपुर (कासं)। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा कि राजस्थान में नकल, ड्रग व भू-माफियाओं को नहीं बख्शा जायेगा। तमाम माफिया व गिरोह पर पुलिस चौतरफा वार करेगी। इन पर अंकुश लगाने के लिए कानून को और सख्त बनाने का आग्रह राज्य सरकार से करेंगे। डीजीपी सोमवार को पत्रकारों से रूबरू होकर पुलिस की गत वर्ष की उपलब्धियों, कार्यों, नवाचार, योजनाओं का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर रहे थे।

डीजीपी उमेश मिश्रा (दायें से दूसरे) ने सोमवार को पत्रकारों से रूबरू होकर गत वर्ष की पुलिस की उपलब्धियों व कार्यों की जानकारी साझा की।

- **डीजीपी ने कहा कि ''राजस्थान में रेप के 42 प्रतिशत केस झूठे होते हैं। दूसरे राज्य रेप जैसे मामले में या तो केस दर्ज नहीं करते या जांच सही से नहीं करते।''**
- **''वर्ष 2018 में दुष्कर्म के 30.5 प्रतिशत मामले कोर्ट के माध्यम से दर्ज होते थे, जो घटकर मात्र 14.4 प्रतिशत रहे''**

डीजीपी ने कहा कि साईबर अपराधी, नशीले पदार्थ व हथियार तस्करों, आदतन अपराधियों और भू-माफियाओं पर कड़ी निगरानी व कठोर कानूनी कार्यवाही करना पुलिस की प्राथमिकता है। तमाम माफियाओं पर चौतरफा वार करेंगे। विशेषकर महिलाओं-बच्चों, कमजोर वर्गों की सुरक्षा व उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए पुलिस थानों में जन-केन्द्रित सुविधाओं, स्वागत कक्ष का विकास एवं जन सुनवाई के निश्चित समय की व्यवस्था की गई।

उमेश मिश्रा ने कहा कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिसकर्मियों की तकनीकी कार्य-दक्षता बढ़ा रहे हैं। पुलिस की सजगता से प्रदेश में बदमाशों पर शिकंजा कसा है। चाहे उदयपुर मे कन्हैयालाल की हत्या एवं उससे जुड़ी कानून व्यवस्था हो या जावर माईन्स के औड़ा गांव रेल्वे लाईन को अज्ञात बदमाशों द्वारा विस्फोटक से उडाने की सनसनीखेज घटना हो या बीमा राशि के लालच में षडयन्त्रपूर्वक दुर्घटना का रूप देकर अपनी पत्नी साले की हत्या करने का गंभीर मामला हो या फिर राजू ठेठ की हत्या का मामला हो, पुलिस ने तमाम मामलों का शीघ्र खुलासा किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में रेप के 42 प्रतिशत केस झूठे होते हैं। वहीं, देश में ये संख्या 8 प्रतिशत पर है। दूसरे राज्य रेप जैसे गंभीर मामले में या तो केस दर्ज नहीं करते अथवा जांच सही से नहीं करते। इसका लाभ कई बार अपराधियों को मिलता है। राजस्थान में पुलिस को स्पष्ट निर्देश है कि केस दर्ज होने में कोई ढील नहीं होनी चाहिए। झूठा प्रकरण होगा तो एफआर दी जाएगी। झूठा केस दर्ज करवाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साल 2022 में पिछले साल की तुलना में झूठे मुकदमें करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई में कुल 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नाबालिग बच्चियों के साथ रेप के मामले में राजस्थान का 12वां स्थान है। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु हैं। पेंडिंग मामले में राष्ट्रीय एवरेज 24.9 है, जबकि राजस्थान की 10.4 है। सजा प्रतिशत राष्ट्रीय औसत 32.0 है, जबकि राजस्थान की 48.0 है।

मिश्रा ने कहा कि परिवादी को न्याय दिलाने के लिए जून 2019 से निर्बाध पंजीकरण को राजस्थान सरकार ने महत्ता दी। इस नवाचार के अब सकारात्मक परिणाम भी मिले है। जैसे वर्ष 2018 में दुष्कर्म के 30.5 प्रतिशत मामले कोर्ट के माध्यम से दर्ज होते थे, जो अब घटकर मात्र 14.4 प्रतिशत रह गए है। पंजीयन आंकडा बढ़ने की आलोचना का पूर्वाभास होने के बावजूद भी हमनें निर्बाध पंजीकरण की नीति को दरकिनार करने की नहीं सोची बल्कि और अधिक मजबूत करने के लिये ही, इसके लिए वर्ष 2020 से 2022 तक 45 डि-कॉय ऑपरेशन किये कि थानों में निर्बाध एफआईआर हो रही है या नहीं। साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालयों में एफआईआर पंजीयन की सुविधा को मजबूत किया।

इंटरनेट सर्वर डाउन होने से अस्पताल में मरीज परेशान

जयपुर। जयपुरिया अस्पताल में पिछले दो दिनों से मैन सर्वर डाउन होने से मरीजों को ओपीडी और जांच समेत अन्य कामों की पर्ची कटवाने में परेशानी हो रही है। कम्प्यूटर ऑपरेटर मोबाइल से कम्प्यूटर को कनेक्ट करके जैसे-तैसे काम चला रहा है। जानकारों ने बताया कि सर्वर रविवार दोपहर 2 बजे से खराब हो गया। इस कारण पूरे हॉस्पिटल में इंटरनेट सेवाएं बंद हो गई। इंटरनेट नहीं चलने से चिरंजीवी योजना, जांचों की पर्ची, एडमिशन और डिस्चार्ज का काम प्रभावित हो गया। ओपीडी में दिखाने आए मरीज को सुबह करीब 10 बजे तक ओपीडी की पर्चियां नहीं मिली। इसके बाद स्टाफ के दूसरे सदस्यों ने जैसे-तैसे मोबाइल से कम्प्यूटर को कनेक्ट करके पर्चियां बनाने का काम शुरू किया। इस दौरान मरीजों की ओपीडी काउंटर पर लम्बी भीड़ लग गई। मरीजों के परिजनों को ओपीडी पर्ची के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। गौरतलब है कि जयपुरिया हॉस्पिटल में पिछले दिनों बायो कैमेस्ट्री लैब में सीबीसी समेत दूसरे ब्लड टेस्ट करने की मशीनें खराब हो गई थी। इस कारण यहां से सैंपल जांच के लिए आरयूएचएस भेजने पड़े थे। तब भी प्रशासन करीब 15 से 20 दिन तक मशीनों को ठीक नहीं करवा सका था।

फोटो प्रदर्शनी

जयपुर। डीजीपी उमेश मिश्रा ने पुलिस मुख्यालय की तीसरी मंजिल की गैलेरी में अपराध शाखा द्वारा प्रदर्शित फोटो दीर्घा का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने ब्रिटिशकाल, राजस्थान की रियासतों की पुलिस समेत राजस्थान पुलिस के ऐतिहासिक एवं विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों के 125 छायाचित्रों का अवलोकन किया।

'महेशदास ने रुकवाया रामानंद जयंती महोत्सव का जुलूस'

महंत हरिशंकर वेदांती ने लगाया आरोप

जयपुर, (कासं)। रामानंदाचार्य महाप्रभु की 723 वीं जयंती महोत्सव का शनिवार 14 जनवरी को आयोजित होना वाला जुलूस नहीं हो पाया। सियाराम बाबा की बगीची के महंत हरिशंकर वेदांती ने आरोप लगया है कि महेश दास के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पुलिस प्रशासन से यह दिव्य धार्मिक कार्यक्रम रूकवाया है। इससे रामानंद वैष्णव मंडल और रामानंदी संप्रदाय से जुड़े भक्तों में रोष है। वेदांती महाराज ने बताया है कि सैंकड़ो वर्षों से रामानंदाचार्य जयंती से जुडा जुलूस शांतिपूर्वक निकलता है, लेकिन इस बार महेशदास ने पुलिस को दरख्वास्त देकर यह जुलूस रूकवाया, जो कि हिन्दू संस्कृति का अपमान है।

सार-समाचार

सुबोध कॉलेज में युवा महोत्सव संपन्न

जयपुर। एस.एस. जैन सुबोध गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, सांगानेर एवं राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय ''युवा महोत्सव-2023'' लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 14 महाविद्यालयों प्रतिभागियों ने एड्स विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए लोक नृत्य के माध्यम से सुन्दर संदेशों के साथ प्रस्तुतियों दी। महाविद्यालय संयोजिका वीना जामड़ एवं महाविद्यालय प्रायार्य डॉ. रीटा जैन ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रवि प्रकाश शर्मा अध्यक्षता डॉ. प्रदीप चौधरी, अशोक कुमार कानूनगो, विशिष्ट अतिथि सीताराम यादव, गरिमा भाटी, ललिता चौहान एवं अल्का अग्रवाल, सह-संस्थापक, एन्ट्रेप्रेन्योर, वुमन आर्गेनाईजेशन सोसायटी का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। निर्णायकगणों ने एड्स विषय की प्रासंगिकता से जुडी लोक नृत्य प्रस्तुतियों के आधार पर प्रथम स्थान पर एस.एस. जैन सुबोध गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, सांगानेर द्वितीय स्थान पर परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस, जयपुर एवं तृतीय स्थान पर कानोडिया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर रहें। कार्यक्रम के अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर सभी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुये एड्स के प्रति युवा वर्ग को जागरूकता रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रीटा जैन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। अंत में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. पूनम पंघाल ने अतिथियों, महाविद्यालय संयोजिका, प्राचार्या, व्याख्यातागणों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कुलदीप को मिला राष्ट्रीय युवा पुरस्कार

जयपुर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा कर्नाटक के हुबली - धारवाड़ में सोमवार को आयोजित 26 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के समापन समारोह में राजस्थान के कुलदीप वर्मा को वर्ष 2019-20 के लिए समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कुलदीप जयपुर जिले के जालसू पंचायत समिति के ग्राम देवगुढ़ा के निवासी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, कर्नाटक के राज्यपाल थावर चाँद गहलोत और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने प्रमाण पत्र, मेडल, 100000 का नगद युवा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल सहित कई गणमान्य जन प्रतिनिधि और अधिकारी समारोह में मौजूद थे। वर्मा ने कोविड-19 जैसी भयंकर महामारी के दौरान मास्क वितरण, सैनिटाइजर छिड़काव, जरूरतमंदों को भोजन वितरण, और स्वच्छता एवं जल संरक्षण अभियान, पौधारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम मीण क्षेत्रों को खुले में शौच से मुक्त करवाकर ओडीएफ प्लस ग्राम बनाने में योगदान, महिला सशक्तिकरण, युवा सशक्तिकरण एवं अन्य आयोजनों में नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया।

जादूगर नन्दकिशोर ने दिखाए करतब

जयपुर, (का.सं.)। विंटर फेस्टिवल के दूसरे दिन सोमवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में गूगल न्यूज इनिशिएटिव्स फैक्ट चैक वर्कशॉप का आयोजन एवं मैजिक शो दिखाया गया। फैक्ट चैक वर्कशॉप में फैक फोटो, ऑडियों, वीडियों एवं न्यूज की सत्यता जांचने एवं मैजिक शो में जादूगर नन्दकिशोर ने जादुई करतब दिखाया। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने फैक्ट चैक कार्यशाला के प्रशिक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार विशाल शर्मा का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। विशाल शर्मा ने डेटा लीड एवं उपयोगी टूल्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों पत्रकारिता के सामने फेक न्यूज के रूप में बड़ी चुनौती खड़ी है। जिससे पत्रकारिता की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने फेक न्यूज को चैक कर उसकी सत्यता उजागर करने के बारें में जानकारी दी। पिंकसिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा कि पत्रकारिता अब नए दौर में है जहां नए संसाधनों का उपयोग हमारी क्षमताओं को बढ़ाने वाला है। इस लिहाज से गूगल फैक्ट चैकिंग ट्रेनिंग अपने आप में नया अनुभव है। कार्यकम में महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने नई तकनीक से पत्रकारिता में नई क्रांति आती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने उत्सुकता के साथ हिस्सा लिया।

सत्य पत्रकारिता की आत्मा : कुमार प्रशांत

जयपुर, (का.सं.)। आज महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेन्स इन सोशल साइंस में महात्मा गांधी की पत्रकारिता समसामयिक सन्दर्भ पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध गांधी विचारक कुमार प्रशांत रहे। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का प्रारम्भ सुब्बाराव के गीत जय जगत जय जगत से हुआ। संस्था के अकादमिक सलाहकार प्रो. संजय लोढ़ा ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान का उद्देश्य गांधीवादी मूल्यों एवं आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। संस्थान द्वारा पिछले 15 महीनों अनेकानेक अकादमिक गतिविधियों का आयोजन किया गया है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कुमार प्रशांत ने अपने जीवंत उद्बोधन में सर्वप्रथम संस्थान को इसकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने गांधी की पत्रकारिता की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सर्वप्रथम गांधी ने इंग्लैंड में पहली बार लिखना शुरु किया। उन्होंने यह भी कहा कि जनसरोकारों को शब्दों में आकार दे, वही पत्रकारिता है। कुमार प्रशांत का कहना था कि हमें एक्शन एवं कमिटमेंट के साथ षब्दों को आकार देना चाहिए। गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में सार्वजनिक जीवन में उतरते हुए नई सोच को जमीन पर उतारने के लिए नए कर्म के आगाज के रूप में इंडियन ओपिनियन नामक पत्र प्रारम्भ किया। भारत में चंपारण सत्याग्रह के उदाहरण के माध्यम से उन्होंने भयमुक्त पत्रकारिता का उल्लेख किया। यंग इडिया, हरिजन आदि समाचार पत्रों से सामाजिक न्याय-समानता के लिए आवाज उठाई।

सीएम हाऊस घेरने निकले डॉक्टर्स को पुलिस ने रोका

चिकित्सा अधिकारी भर्ती की सीटें 1765 से बढ़ाकर 4500 करने की मांग पर सैकड़ों डॉक्टर्स ने शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया।

जयपुर (कासं)। चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा की सीटें 1765 से बढ़ाकर 4500 करने की मांग को लेकर सैकड़ों डॉक्टर्स ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन से मुख्यमंत्री आवास तक रैली निकालनी चाही, लेकिन पुलिसकर्मियों की सख्ती के कारण इसे शहीद स्मारक ले जाना पड़ा।

ऑल राजस्थान एमबीबीएस डॉक्टर्स एसोसिएशन के छात्रसंघ अध्यक्ष डॉ. विनोद बागड़ा ने बताया कि सैकड़ों चिकित्सकों ने रैली निकाली तो पुलिसकर्मियों ने मारपीट व धक्का-मुक्की कर हमें रोकने की कोशिश की। इसके बाद डॉक्टर्स अपनी रैली का रूट बदलकर एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पहुंचे। जहां पर डॉ. महेश, डॉ. राकेश, डॉ. अविनाश, डॉ. वीणा गडवाल, डॉ.अजय मील, डॉ.दिनेश, डॉ. कविता, डॉ. पी.के.यादव, डॉ. सोहनलाल, डॉ. धीरज, डॉ. आशीष, डॉ. बनवारी और डॉ. अंकित ने शांतिपूर्ण तरीके से हमारी मांगों को रखा। रैली के दौरान डॉक्टर्स ने नारेबाजी कर अपनी मांगों को पुरजोर उठाया।

डॉ. विनोद बागड़ा ने बताया कि डॉक्टर्स के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात संयुक्त सचिव निमिषा गुप्ता से हुई। उनका कहना है कि वित्त विभाग और मुख्यमंत्री सौं बढ़ा सकते है, अभी खाली सीटें है। ऐसे में अब हम वरिष्ठ आईएएस अखिल अरोड़ा और चिकित्सा मंत्री से मुलाकात करेंगे। डॉक्टर्स की रैली मंगलवार सुबह 9 बजे सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से त्रिमूर्ति सर्किल तक निकाली जाएगी। जब तक राज्य सरकार हमारी मांगों को नहीं मान लेती, तब तक हमारा उग्र आंदोलन जारी रहेगा।

प्रो. राजीव जैन पर फर्जी दस्तावेज पेश कर कुलपति बनने का आरोप

पूर्व शोध छात्र प्रतिनिधि डॉ. रामसिंह सामोता ने लगाए आरोप

जयपुर। राजस्थान विवि. के कुलपति प्रो. राजीव जैन पर चयन समिति और राजभवन को अंधेरे में रख योग्यता के फर्जी दस्तावेज पेश कर कुलपति का पद प्राप्त करने का आरोप लगा है। यह आरोप राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व शोध छात्र प्रतिनिधि डॉ. रामसिंह सामोता ने लगाया है।

सामोता ने सोमवार को शोध छात्र प्रतिनिधि कार्यालय में प्रेस वार्ता करके कहा कि राजीव जैन ने 1 अप्रेल 1984 से 2011 तक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय उदयपुर में व्याख्याता के पद पर कार्यरत रहकर सरकारी कोष से वेतन प्राप्त किया। इसके बाद राज्य सरकार द्वारा 29 जुलाई 2011 को इनका आमेलन राजकीय सेवा में व्याख्याता पद पर कर लिया गया। राज्य सरकार ने 25 मार्च 2012 को जैन को व्याख्याता के पद पर वरिष्ठ एवं चयन वेतन श्रृंखला का लाभ दिए जाने का आदेश जारी किया था। ऐसे में राजीव जैन ने किस आधार पर ख़ुद को 2007 से प्रोफेसर मान लिया और वीसी के लिए किए गए आवेदन पत्र में भी झूठी जानकारी दे दी। जबकि 8 अगस्त 2012 को कोटा विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति मिली थी और वहां से 13 दिसंबर 2017 को सेवानिवृत हो गए।

रामसिंह ने कहा कि कोटा विश्वविद्यालय में 2012 में प्रोफेसर पद पर नियुक्ति के दौरान भी तत्कालीन आरयू के कुलपति जेपी सिंघल की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने भी इनकी नियुक्ति में गंभीर अवैधानिकताएं बताई थी। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति ने तथ्य छिपाकर सर्च कमेटी को गुमराह किया और आधे अधूरे तथ्यों के साथ कुलपति बने है। इनके आवेदन पत्र और इनकी योग्यता की जांच होनी चाहिए।

काइट फेस्टिवल में डॉक्टर्स ने लड़ाए पेच

जयपुर। एसएमएस मेडिकल कॉलेज की प्लेटिनम जुबली के कार्यक्रमों की श्रृंखला में मकर संक्रांति के मौके पर आयोजित काइट फेस्टिवल में एसएमएस मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर्स और मेडिकल स्टूडेंट्स ने जमकर पतंगबाजी कर खूब पेच लड़ाए। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित काइट फेस्टिवल में सभी फैकल्टी और स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस दौरान सभी ने पतंगबजी का लुत्फ उठाया। प्लेटिनम जुबली के आयोजन सचिव डॉ. अशोक गुप्ता ने उपस्थित सभी जनों का स्वागत किया। अलवर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. लोकेंद्र शर्मा बतौर अतिथि शामिल हुए। इस दौरान कार्डियोलॉजी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. एसएम शर्मा ने वहां मौजूद स्टूडेंट्स को बताया कि डॉक्टर्स को हर समय अपने पेशेंट्स के लिए अलर्ट रहना होता है। कार्य की अधिकता के चलते तनाव भी बढ़ता है, इसीलिए समय समय पर आने वाले त्यौहार जमकर सेलिब्रेट करने चाहिए। ये त्यौहार आपके जीवन में पॉजिटिव एनर्जी लाते हैं। इस अवसर पर डॉ. आईडी गुप्ता, डॉ. मोनिका जैन, डॉ सोहन शर्मा, डॉ अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।

पार्षद कुमकुम शक्तावत के वार्ड 48 में 2 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन

जयपुर (कासं)। ग्रेटर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 48 में बीते 2 सालों में पार्षद कुमकुम शक्तावत ने 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्य करवाए है। सिरसी रोड पर गली नं.5, पांच्यावाला मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, जयपुर ग्रेटर महापौर डॉक्टर सौम्या गुर्जर, उद्यान समिति चेयरमैन राखी राठौड़ व पार्षद कुमकुम शक्तावत ने इन विकास कार्यों का शुभारंभ किया। समारोह में जरूरतमंद परिवारों को कंबल भी वितरित किए गए।

पार्षद कुमकुम शक्तावत ने बताया कि बीते 2 साल में रघुनाथ विहार, अमर नगर, गली नंबर 5, गली नंबर 5 ए, लक्की नगर, स्कीम नंबर 11 डी और बी.एस.विहार में डामर रोड बनवाई हैं। संस्कार बिहार दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर के पार्क की बाउंड्री वॉल तथा जनक विहार भौमियाजी मंदिर पार्क में टाइल्स लगवाई है।

- **एक दर्जन कॉलोनियों में डामर रोड, मंदिर में बाउंड्री वॉल व टाइल्स तथा वार्ड में 500 स्ट्रीट लाइट लगवाई**
- **पार्कों में बच्चों के लिए बेंच-झूले व फिसलपट्टी तथा 700 से ज्यादा पौधे लगवाए**

बीजेपी नेता शक्ति सिंह मानपुरा ने बताया कि पार्षद कुमकुम शक्तावत ने वार्ड 48 में रोशनी की व्यवस्था के लिए एक हाई मास्क लाइट और 500 से अधिक स्ट्रीट लाइटें लगवाई हैं।

पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, महापौर सौम्या गुर्जर, उद्यान चेयरमैन राखी राठौड़ और पार्षद कुमकुम शक्तावत ने वार्ड 48 के विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

जलदाय विभाग से 85 लाख के 13 बोरिंग करवाकर पेयजल की व्यवस्था की। जेडीए और नगर निगम से करीब एक करोड़ की डामर रोड बनवाई। वार्ड के हर छोटे-छोटे पार्क में बच्चों के लिए फिसलपट्टी, झूले और बैठने के लिए बेंच लगवाई। इसके अलावा पार्कों में 700 पेड़ पौधे लगवाकर उनकी सुरक्षा के लिए 300 से अधिक ट्री गार्ड बांटे।

पार्षद कुमकुम शक्तावत ने कहा कि बीते 2 सालों में जैसे वार्ड 48 का विकास हुआ है, आगे भी इसी तरह विकास कार्य करवा कर आमजन को सुविधाएं दी जाएंगी। कार्यक्रम में श्री सेवाराम बाबा फाउंडेशन के संरक्षक नवरत्न मीणा ने पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत और महापौर सौम्या गुर्जर जी के सानिध्य में जरूरतमंद परिवार को 101 कंबल भी वितरित किए। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत और महापौर सौम्या गुर्जर के स्वागत के लिए जनसैलाब उमड़ा। समारोह में गोवर्धन शर्मा, पार्षद सुशीला बारी, संजू चौधरी, सुरेश रेगर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह, पूर्व पार्षद निर्मला कंवर, बलवीर सिंह खेतड़ी व मदन सिंह बेरी मौजूद थे।

मेयर डॉ. सौम्या ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था जांची

जयपुर। ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सोमवार को मालवीय नगर जोन के सत्कार शापिंग सेन्टर, गौरव टॉवर, गांधीनगर रेलवे स्टेशन एवं बजाज नगर इत्यादि इलाकों में हो रही रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। महापौर ने सफाई व्यवस्था में अच्छा कार्य करने वाले कार्मिकों को स्वेटर पहनाकर की हौसला अफजाई, साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले सफाई जमादार रतनलाल को नोटिस जारी करने के आदेश दिए।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने रात्रिकालीन सफ़ाई व्यवस्था में लगे कार्मिकों को निर्देशित करते हुये कहा कि जयपुर शहर को स्वच्छता में टॉप रैंक मिले इसके लिये शहर की सफाई व्यवस्था को नियमित एवं सुचारू संचालित रखें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाये।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी शत-प्रतिशत योगदान शहर को स्वच्छ बनाने में करें। इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में जयपुर शहर को टॉप रैंक में जगह दिलवाएंगे। इस कार्य के लिये आप अपना शत-प्रतिशत योगदान करें। उन्होंने दुकानदारों को डस्टबिन रखने के एवं कचरा बाहर न फैलाने की समझाइश के साथ में हिदायत भी दी है कचरा आप के प्रतिष्ठान के बार फैलाव पाया गया तो चालान की कार्रवाई की जाएगी।